कई सिंचाई योजनाएं चार दशक तक फंसी रहीं: सुशील मोदी

दैनिक जागरण, पटना, दिनांक 26.08.2020

सिंचाई व बाढ़ से बचाव संबंधित योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी ने कहा कि राजद-कांग्रेस सरकार के 15 वर्षों में एक भी सिंचाई योजना शुरू नहीं हुई। सुशील मोदी बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आजादी के 25 वर्षों में गंडक, कोसी आदि की जिन योजनाओं का प्रारंभ किया गया था, अगले चार दशक में भी उन्हें परा नहीं किया गया। ऐसी आधी-अधूरी और वर्षों से लटकी योजनाओं को राजग सरकार पूरा कर रही है। सुशील मोदी ने कोसी-मेची नदी योजना को केन्द्र से राष्ट्रीय योजना घोषित करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि उप प्रधानमंत्री जगजीवन राम ने 1976 में दुर्गावती जलाशय योजना का शिलान्यास किया था, 35 वर्षों के बाद राजग की सरकार ने 1064.28 करोड़ की लागत से फिर कार्यारंभ किया। अब 95 फीसदी काम पूरा हो चुका है, शेष कार्य मार्च, 2021 में पूरा हो जाएगा। इससे रोहतास, कैमूर के 32,467 हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसी प्रकार 1971 में शुरू पश्चिमी कोसी नहर का काम भी पूर्ववर्ती सरकारें पूरा नहीं करा पाई। 1990 में कदवन डैम का शिलान्यास किया गया, मगर कार्यारंभ नहीं हुआ।